तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि कांकेर भूमि
रायपुर, शनिवार 28 मार्च 2026

12 नरहरपुर में 1.10 करोड़ के विकास कार्यों का विधायक...


12 समाज की प्रगति का आधार है बेटियों की...




**खबर संक्षेप**

## रामनवमी पर खिचड़ी बांटी और भव्य झांकी निकाली



**पखांजूर।** नगर पंचायत पखांजूर के पुराना बाजार चौक स्थित हनुमान मंदिर में रामनवमी का पर दोपहर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई, जिसमें श्रद्धालु शामिल हुए। हनुमान मंदिर में शाम 5 से 7 बजे तक मंदिर परिसर में खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया। इसके बाद शाम 7 बजे पूरे नगर में भव्य झांकी निकाली गई, जिसमें भगवान श्रीराम के जीवन से जुड़े विभिन्न प्रसंगों का आकर्षक प्रदर्शन किया गया। झांकी के दौरान डीजे और बाजे-गाजे के साथ भक्तों ने भक्ति गीतों पर नृत्य करते हुए माहौल को भक्तिमय बना दिया। पूरे आयोजन के दौरान नगर में उत्सव जैसा वातावरण बना रहा और लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला।

## हादसा के 2 महीने बाद कार चालक पर केस

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत मेन रोड दसपुर के पास 16 जनवरी को हुई सड़क दुर्घटना में पुलिस ने आरोपी कार क्रमांक सीजी 24 यू 6856 के चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार आरोपी वाहन चालक अपने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए एक्सीडेंट कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 281, 125 (ए), 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

# शीतला माता मंदिर में नवरात्रि पर दिव्य भक्ति, भंडारे में बड़ी संख्या में लोगों ने पाया प्रसाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कांकेर शहर के शीतलापारा स्थित शीतला माता मंदिर में 27 मार्च को धार्मिक आस्था और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। मंदिर समिति द्वारा आयोजित विशेष धार्मिक कार्यक्रम में सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिर परिसर में दिनभर भक्ति का माहौल बना रहा, जहां श्रद्धालु माता के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित करते नजर आए। आयोजित कार्यक्रम के तहत दोपहर 1 बजे कन्या भोज का आयोजन किया गया और उसके बाद 2 बजे से विशाल भंडारा प्रसादी का वितरण शुरू किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे की तैयारी सुबह से ही जोर-शोर से शुरू हो गई थी। मंदिर समिति के सदस्य और सेवादार मिलकर प्रसाद बनाने में जुटे हुए थे। परिसर की साफ-सफाई के साथ आकर्षक सजावट की गई थी, जिससे पूरे मंदिर में उत्सव का वातावरण बना रहा। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए स्वयंसेवकों ने व्यवस्था संभाली और भीड़ को नियंत्रित किया। विशेष रूप से महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को आसानी से प्रसादी मिल सके, इसके लिए अलग से ध्यान रखा गया। मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि माता शीतला के आशीर्वाद से यह आयोजन हर वर्ष किया जाता है और इस बार भी कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शाम तक लगातार प्रसादी वितरण का क्रम चलता रहा। यह आयोजन श्रद्धा, सेवा और सामूहिक सहयोग का प्रेरणादायक उदाहरण बना।

## नौ कन्या पूजन और भोज के बाद दिया उपहार और दक्षिणा



### नौ कन्याओं के पखारे पांव

आयोजित कार्यक्रम में नौ कन्या भोज का विशेष धार्मिक महत्व रहा। भंडारा प्रारंभ होने से पहले विधि-विधान के साथ नौ कन्याओं का पूजन किया गया। माता स्वरूप मानकर उनके पैर पखारे गए और आदरपूर्वक भोजन कराया गया। पूजन उपरांत कन्याओं को उपहार एवं दक्षिणा देकर सम्मानपूर्वक विदा किया गया। कन्या भोज संपन्न होते ही जय माता दी के जयकारों के साथ भंडारे का शुभारंभ हुआ, जिससे पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा।

# डेडलाइन के लिए चार दिन शेष, सुराग नहीं पर 19 नक्सलियों की तलाश, सरेंडर की अफवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- कांकेर जिला में सक्रिय 19 नक्सली, परतापुर एरिया कमेटी में 12 और 7 कंपनी नंबर 05 में
- नक्सलियों के समर्पण को लेकर जो गदर मच रही

कांकेर जिले में सक्रिय परतापुर एरिया कमेटी के 12 और प्लाटून नंबर 05 के 07 नक्सलियों ने सबकी चिंता बढ़ा दी है, उसका बड़ा कारण यह है कि अब डेडलाईन के लिए केवल चार दिन शेष बचे हुए है। बीती रात से कई तरह से 19 नक्सलियों के सरेंडर की अफवाह रातभर से चलती रही है, परंतु समाचार लिखे जाने तक परिणाम का सिफर रहा। ▶▶|शेष पेज 10 पर




### डर का मंडरा रहा साया

जंगल में भटक रहे कांकेर जिले के 19 नक्सलियों पर डर का साया भी मंडराया हुआ है। आत्मसमर्पित कई बड़े लीडर भी प्रयासरत है कि कोई अनहोनी के पहले यह नक्सली सरेंडर कर दे। आरकेबी के 05 नक्सलियों ने समर्पण के पहले गांव वालों के सामने स्वीकार किया था कि अब डर बना हुआ है, कभी भी हम लोग मुठभेड़ के शिकार हो सकते है, इसी तरह का डर बचे 19 नक्सलियों में भी हो सकता है। सकारात्मक परिणाम लाने के लिए टीम प्रयासरत कांकेर पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने हरिभूमि से बात करते हुए कहा कि जिले में बचे 19 नक्सलियों के समर्पण के लिए हमारी टीम संभावित स्थानों पर सकरात्मक परिणाम लाने के लिए प्रयासरत है। अभी तक किसी के समर्पण के लिए आने की पुष्टि नहीं हुई है। मुझे विश्वास है कि जल्द सकारात्मक परिणाम सामने आएगा और कांकेर जिला नक्सल मुक्त जिला कहलाएगा।

### परतापुर एरिया कमेटी में बचे 12 नक्सली

परतापुर एरिया कमेटी के बचे 12 न क्सलियों में रूपी पति विजय रेड्डी निवासी आंध्र प्रदेश, चंदर कतलाम निवासी आदेरबेड़ा पूर्वी बस्तर क्षेत्र, कुमारी माली निवासी ग्राम मुंदेर थाना नेलसनार जिला बीजापुर, मंगलू पद्दा निवासी उकड़ थाना सोनपुर जिला नारायणपुर, मंगेश परचापी उर्फ सोमलू निवासी माड़ क्षेत्र, मनीषा कोर्राम निवासी कोटमेटा, राधिका कुंजाम निवासी मिनपा जिला सुकमा, जिला मरकाम निवासी दक्षिण बस्तर, कुमारी सनकी ग्राम दोड़गेजोड़ा थाना परतापुर, सोमा पोड़ियाम निवासी इंद्रावती एरिया जिला बीजापुर, लखमी पद्दा निवासी मरकाबेड़ा थाना सोनपुर जिला नारायणपुर, संदीप कड़ियाम निवासी इंद्रावती क्षेत्र है।

### कंपनी नंबर 05 में 07 नक्सली सक्रिय

मिलिट्री कंपनी नंबर 05 के सक्रिय 07 नक्सली में सुकदार उइका निवासी दक्षिण बस्तर क्षेत्र, जानकी सोढ़ी निवासी दक्षिण क्षेत्र, मोनिका निवासी पश्चिम बस्तर क्षेत्र, दारसू शोरी ग्राम पिपरा थाना आमाबेड़ा, हिड़मा सोढ़ी निवासी पश्चिम बस्तर जिला बीजापुर क्षेत्र, शंकर निवासी पश्चिम बस्तर जिला बीजापुर और होलिका पुनेम निवासी ग्राम कुमड़ पुसनार थाना गंगालूर जिला बीजापुर की है।

## जमीन विवाद पर डंडे से की पिटाई और दी जान से मारने की धमकी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

पीव्ही 33 उदयनगर में जमीन संबंधी पुराने विवाद ने अचानक हिंसक रूप ले लिया। मामूली कहासुनी से शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते मारपीट में बदल गया, जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोपी ने बांस के डंडे से हमला करने के साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी, जिससे पीड़ित का परिवार दहशत में आ गया। पीड़ित जगदनंद विश्वास ने थाना पखांजुर में शिकायत दर्ज कराते हुए पुलिस को बताया कि वह खेती-किसानी के साथ सब्जी बेचने का काम करता है। 25 मार्च को वह रोज की तरह पखांजुर बाजार सब्जी बेचने गया था। दोपहर करीब 3 बजे जब वह घर लौटा, तो देखा कि घर के बाहर रखा सामान बिखरा पड़ा है। इस ▶▶|शेष पेज 10 पर

## नशे में धुत युवक ने तवे से हमला कर दो ग्रामीणों को किया घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



डंवरखार में बीती रात एक सनसनीखेज मारपीट की घटना ने गांव में दहशत का माहौल पैदा कर दिया। शराब के नशे में धुत एक युवक ने मामूली बातचीत पर दो ग्रामीणों पर अचानक हमला कर दिया और लोहे के तवे से वार कर उन्हें घायल कर दिया। घटना के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार सरोना थाना क्षेत्र के ग्राम डंवरखार में 24 मार्च की रात करीब 8 बजे प्रार्थी अपने पड़ोसी रविन्द्र पोया के घर के बाहर बरामदे में बिहारी लाल पोया के साथ बैठकर बातचीत कर रहा था। इसी दौरान रविन्द्र पोया का पुत्र नीतेश कुमार पोया, जो घर के अंदर भोजन कर रहा था, शराब के नशे में था। लगभग साढ़े 8 बजे घर से बाहर आया और बिना किसी वजह के दोनों ग्रामीणों के साथ अभद्र व्यवहार करने लगा। आरोपी ने पहले गाली-गलौज शुरू की और देखते ही देखते स्थिति हिंसक हो गई। उसने जान से मारने की धमकी देते हुए अचानक हमला कर दिया। नीतेश ने हाथ-मुक्कों से मारपीट की और फिर लोहे का तवा उठाकर प्रार्थी के बाएं कनपटी और माथे पर जोरदार वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसी दौरान बिहारी लाल पोया बीच-बचाव के लिए आगे आए, तो आरोपी ने उन्हें भी नहीं बख्शा और तवे से हमला कर उनके माथे, नाक और बाएं पैर में चोट पहुंचाई। दोनों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। घटना की सूचना मिलते ही सरोना पुलिस सक्रिय हुई और आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 296, 115(2) और 351(3) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और आरोपी की भूमिका की गहराई से पड़ताल की जा रही है।

## उधारी नहीं चुकाने पर दोस्त की लहूलुहान होते तक की पिटाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



उधारी के महज 700 रुपए ने ऐसा तूल पकड़ा कि दोस्ती दुश्मनी में बदल गई। बातों-बातों में शुरू हुआ विवाद अचानक हिंसा में बदल गया, जहां गाली-गलौज के बाद कांच की बोतल से हमला कर युवक को लहूलुहान कर दिया गया। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई और मामला सीधे थाने पहुंच गया।

चारामा थाना क्षेत्र के नाकापारा वार्ड क्रमांक 3 में उधारी के पैसे को लेकर हुआ विवाद मारपीट और हमले में तब्दील हो गया। पीड़ित युवक, जो मजदूरी का काम करता है, ने थाना चारामा पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है। युवक के मुताबिक वह अपने परिचित मिथलेश उर्फ बल्ला देवांगन के ढाबे में बैठकर सामान्य बातचीत कर रहा था। इसी दौरान उसने अपने दिए हुए 700 रुपए उधार वापस मांगे। पैसों की मांग करते ही माहौल अचानक गर्म हो गया और बात विवाद में बदल गई। आरोप है कि मिथलेश उर्फ बल्ला देवांगन और गुलाब उर्फ गुल्लू सिन्हा ने एकराय होकर पहले गाली-गलौज शुरू की और फिर हाथ-मुक्कों से मारपीट करने लगे। स्थिति उस समय और गंभीर हो गई जब गुलाब सिन्हा ने जान से मारने की धमकी देते हुए शराब की खाली कांच की बोतल से हमला कर दिया। इस हमले में पीड़ित के दाहिने हाथ पर गहरी चोट आई और खून बहने लगा। घटना के बाद आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। घायल युवक ने किसी तरह खुद को बचाया और सीधे थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी मिथलेश उर्फ बल्ला देवांगन और गुलाब उर्फ गुल्लू सिन्हा के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 115(2), 296, 3(5) और 351(3) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।




**32 फील्ड ट्रेनर्स का प्रशिक्षण जारी, जमीनी स्तर पर डेटा संकलन**

# फील्ड टीम को तीन दिनी प्रशिक्षण से जनगणना की तैयारी को मिली धार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



देश की सबसे महत्वपूर्ण प्रशासनिक प्रक्रियाओं में से एक जनगणना को सफल और सटीक बनाने के लिए जिले में तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी कड़ी में जनगणना कार्य के प्रथम चरण के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, जिसमें फील्ड स्तर पर काम करने वाले प्रशिक्षकों को बारीकियों से अवगत कराया जा रहा है।

प्रशिक्षण का उद्देश्य जनगणना प्रक्रिया को त्रुटिरहित और प्रभावी बनाना है, ताकि जमीनी स्तर पर डेटा संकलन में किसी प्रकार की कमी न रहे। जिले से चयनित 32 फील्ड ट्रेनर्स को जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स सहायक प्राध्यापक एनआर साव एवं डॉ. विजय कुमार रामटेके द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। तीन दिनों तक चलने वाले इस प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को जनगणना के प्रथम चरण की पूरी प्रक्रिया विस्तार से समझाई जा रही है। प्रशिक्षण के दौरान डेटा संकलन की तकनीक, प्रपत्रों का सही संधारण, डिजिटल उपकरणों के उपयोग तथा विभिन्न तकनीकी पहलुओं पर विशेष जोर दिया जा रहा है। मास्टर ट्रेनर्स द्वारा फील्ड ट्रेनर्स को व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से प्रशिक्षित किया जा रहा है, ताकि वे अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर कार्य को सहजता और दक्षता के साथ संपन्न कर सकें। अधिकारियों ने बताया कि यह प्रशिक्षण 29 मार्च तक चलेगा, जिसके पश्चात प्रशिक्षित फील्ड ट्रेनर्स अपने क्षेत्रों में जनगणना कार्य को गति देंगे। प्रशासन का लक्ष्य है कि जनगणना प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी, ▶▶|शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### आइकॉनिक ऑफ बस्तर आज प्रतिभाओं को मिलेगा मंच

**कांकेर।** जिले में प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने और सौंदर्य व आत्मविश्वास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बीबी फाउंडेशन कांकेर द्वारा एएस फाउंडेशन के सहयोग से आइकॉनिक ऑफ बस्तर छत्तीसगढ़ 2026 का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम बस्तर क्षेत्र का सबसे बड़ा ब्यूटी पेजेंट एवं रनवे शो माना जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन आज 28 मार्च को रात 8 बजे से वंदे भारत ग्राउंड, धड़िया तालाब गार्डन के सामने किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार इस आयोजन में क्षेत्र की प्रतिभाशाली युवतियों एवं प्रतिभागियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का सुनहरा अवसर मिलेगा। आयोजकों ने बताया कि यह आयोजन न केवल ग्लैमर और फैशन का मंच होगा, बल्कि आत्मनिर्भरता, आत्मविश्वास और सशक्तिकरण का भी संदेश देगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में दर्शकों और गणमान्य नागरिकों के शामिल होने की संभावना है। इस आयोजन की प्रमुख आयोजक एवं बीबी फाउंडेशन की संस्थापक एवं निदेशक क्षमा बंजारे ने सभी नागरिकों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर आयोजन की शोभा बढ़ाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से क्षेत्र की प्रतिभाओं को नई पहचान मिलेगी और उन्हें आगे बढ़ने का अवसर प्राप्त होगा।

### सर्व पिछड़ा वर्ग समाज का आज मिलन समारोह

**दुर्गुकोंदल।** सर्व पिछड़ा वर्ग समाज द्वारा ब्लॉक स्तरीय मिलन समारोह का आयोजन आज 28 मार्च शनिवार को दुर्गुकोंदल के सामुदायिक भवन में किया जाएगा। यह कार्यक्रम सुबह 11 बजे से प्रारंभ होगा, जिसमें समाज के प्रदेश, संभाग, जिला एवं ब्लॉक स्तर के पदाधिकारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में शामिल होंगे। इस आयोजन का उद्देश्य समाज के लोगों को एक मंच पर लाकर आपसी समन्वय, संगठनात्मक मजबूती एवं सामाजिक मुद्दों पर चर्चा करना है। कार्यक्रम के माध्यम से समाज के विकास, एकता एवं अधिकारों को लेकर विचार-विमर्श किया जाएगा। आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है और तैयारियां लगभग पूर्ण कर ली गई हैं।

# कोंडागांव में रामनवमी का पर्व धूमधाम से मना, मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**कोण्डागांव।** रामनवमीं पर शुक्रवार को सुबह से ही शहर के विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। जहां भगवान श्रीराम की विशेष पूजा–अर्चना की गई। भक्तों ने भजन–कीर्तन कर पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया, जिससे शहर में धार्मिक उत्साह का वातावरण बना रहा। दोपहर बाद शहर में भव्य शोभायात्र निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। शोभायात्रा में विभिन्न आकर्षक झांकियों के माध्यम से भगवान राम के जीवन के महत्वपूर्ण प्रसंगों का सुंदर प्रदर्शन किया गया। पूरे आयोजन में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला, जिससे शहर का माहौल पूरी तरह राममय हो गया।





## दो आरोपियों के कब्जे से मिला 21 किलो से ज्यादा पौधा

# मक्के के खेत में हो रही थी गांजे की भी खेती, 686 पौधे बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

थाना क्षेत्र अंतर्गत पावारास में गांजा की खेती का मामला सामने आया है। दो किसानों के मक्के के बीच में गांजा उगाने की जानकारी पर पुलिस ने दबिश देकर पौधों को जब्त कर लिया है। मामले में दो लोगों को पकड़ा गया है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मुखबीर से सूचना मिली कि, ग्राम पावारास में 2 व्यक्तियों के मक्का के खेतों के बीच में गांजे के पौधे उगाये गये है। सूचना पर प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी के पर्यवेक्षण में टीम गठित कर मुखबीर के बताये स्थान ग्राम पावारास के अभिराम यादव एवं श्रवन कुमार उईके के खेत में पहुंचकर राजस्व विभाग के अधिकारियों के उपस्थिति में खेतों की तलाशी ली गयी। तलाशी अभियान के दौरान आरोपी अभिराम यादव पिता सोमारू राम 28 वर्ष के मक्का खेत के बीच-बीच में कुल 237 नग गांजा का पौधा कुल मात्रा 14.96 किलोग्राम मिला। इसके अलावा आरोपी श्रवन कुमार उईका पिता सुधूराम 38 वर्ष निवासी पावारास के मक्का खेत के बीच-बीच में कुल 449 नग गांजा का पौधा कुल मात्र 6.40 किलोग्राम मिला।





### दोनों आरोपियों के खेत से 21 किलो से अधिक पौधे बरामद

दोनों आरोपियों खेत से कुल 686 नग गांजा का पौधा मात्रा कुल 21 किलो 36 ग्राम मिला। जिसकी अनुमानित कीमत करीबन 10 लाख रुपए है। दोनों आरोपियों को एनडीपीएस की धारा 20 (क) के तहत विधिवत् कार्यवाही बाद 27 मार्च को को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## जिले में रोलिंग पेपर व स्मोकिंग सामग्री की बिक्री पर प्रतिबंध

**कोण्डागांव।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्रीमती नूपुर राशि पन्ना द्वारा नशीले पदार्थों के विक्रय पर रोकथाम के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 (2) के अंतर्गत संशोधित आदेश जारी किया गया है।

जारी आदेश में बताया गया है कि शहर में नाबालिगों एवं युवाओं के बीच चरस, गांजा जैसे नशे के सेवन के लिए रोलिंग पेपर, गोगो स्मोकिंग कोन एवं पर्फेक्ट रोल का उपयोग बढ़ रहा है। ये सामग्री पान, किराना, चाय दुकान, कैफे एवं रेस्टोरेंट जैसे स्थानों पर आसानी से उपलब्ध हो रही थी। प्रशासन द्वारा इन सामग्रियों के विक्रय को पान दुकानों, परचून/किराना दुकानों, चाय स्टॉल, कैफे एवं रेस्टोरेंट जैसे सभी सार्वजनिक स्थानों पर पूर्ण रूप से प्रतिबंधित कर दिया गया है। यह निर्णय युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति, उससे जुड़ी आपराधिक गतिविधियों और जनसामान्य के स्वास्थ्य व सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। आदेश को तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है और यह 24 मई 2026 की मध्य रात्रि 12 बजे तक प्रभावशील रहेगा।

**उल्लंघन पर होगी कड़ी कार्रवाई** – आदेश का उल्लंघन करने पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 सहित अन्य प्रावधानों के तहत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

यदि कोई व्यक्ति या संस्था इस आदेश में छूट या शिथिलता चाहती है, तो वे नियमानुसार आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं, जिस पर सुनवाई के बाद निर्णय लिया जाएगा।

## आजादी की चेतना के अमर प्रतीक भगत सिंह राजगुरु और सुखदेव को विवि में श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहीद दिवस के अवसर पर सोमवार को शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र अध्ययनशाला द्वारा वीरों को नमन करने हेतु विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान 23 मार्च 1931 को फांसी पर चढ़ाए गए अमर क्रांतिकारियों भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के त्याग और बलिदान को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

- शहीद दिवस पर अर्थशास्त्र विभाग में आयोजन

कार्यक्रम में वक्ताओं ने इन वीर सपूतों के अदम्य साहस, देशप्रेम और क्रांतिकारी विचारों को याद करते हुए उन्हें आजादी की चेतना का जीवंत प्रतीक बताया। युवा पीढ़ी को प्रेरणा देने पर जोर मुख्य वक्ता एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. समीर ठाकुर ने कहा कि इन महान क्रांतिकारियों का साहस और त्याग हम सभी के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। सच्ची देशभक्ति केवल शब्दों तक सीमित नहीं, बल्कि अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करने में निहित है।

सहायक प्राध्यापक डॉ भुनेश्वर लाल साहू ने कहा कि शहीदों के योगदान को कभी नहीं भूलना चाहिए और उनके विचारों को युवा पीढ़ी तक पहुंचाना आवश्यक है। वहीं असिस्टेंट प्रोफेसर पीके मिर्धा ने क्रांतिकारी विचारों को आगे बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया ,ताकि स्वतंत्रता की भावना सदैव जीवित रह सके। कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए प्रेमजीत निराला ने बताया कि ये तीनों क्रांतिकारी केवल व्यक्ति नहीं, बल्कि आजादी की चेतना,साहस और क्रांति के प्रतीक हैं।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से गूंजा वातावरण

कार्यक्रम के दौरान डॉ. भेनु ने विद्यार्थियों को प्रेरित करने के लिए कविता पाठ किया। मेगु मुचाकी ने भाषण के माध्यम से युवाओं के विचार रखे, वहीं वैभव चौधरी ने "मेरा रंग दे बसंती चोला" गीत की प्रस्तुति देकर देशभक्ति का माहौल सृजित किया। इन प्रस्तुतियों ने पूरे आयोजन को भावनात्मक और प्रेरणादायक बना दिया।

# हटकोंगरा में श्री राम-जानकी मंगल भवन का भव्य लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

धार्मिक आस्था और सामाजिक समरसता के संगम के रूप में 27 मार्च को ग्राम हटकोंगरा की पावन धरा पर एक ऐतिहासिक अध्याय जुड़ गया। क्षेत्रवासियों की लंबे समय से प्रतीक्षित आकांक्षाओं को पूर्ण करते हुए श्री राम-जानकी मंगल भवन का गरिमामय लोकार्पण संपन्न हुआ। यह आयोजन केवल एक नवनिर्मित भवन का उद्घाटन मात्र नहीं था, बल्कि यह हमारी प्राचीन आस्था, समृद्ध परंपरा और अटूट सामाजिक एकता के सशक्त स्वरूप को साकार करने वाला एक अविस्मरणीय क्षण बन गया।



लोकार्पण के इस पावन अवसर पर उपस्थित जनसमूह से विधायक ने कहा कि प्रभु श्रीराम और माता जानकी की असीम अनुकंपा से निर्मित यह मंगल भवन आने वाले समय में केवल एक संरचना नहीं, बल्कि जनकल्याण का एक जीवंत केंद्र सिद्ध होगा। यह स्थान धार्मिक अनुष्ठानों, मांगलिक कार्यक्रमों और जनसेवा की विविध गतिविधियों के लिए समर्पित रहेगा। भक्ति और श्रद्धा के इस प्रतीक से न केवल क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षण मिलेगा, बल्कि यह गांव के चहुंमुखी विकास और समृद्धि के नए द्वार भी खोलेगा। इस अवसर पर क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा गया कि हमारा दृढ़ संकल्प है कि अंचल का प्रत्येक गांव आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित हो, सांस्कृतिक रूप से गौरवान्वित महसूस करे और विकास की नई ऊंचाइयों को स्पर्श करे। यह भव्य उपलब्धि क्षेत्रवासियों के अटूट सहयोग, स्नेहपूर्ण आशीर्वाद और निरंतर विश्वास का ही प्रतिफल है। जनसेवा का यह संकल्प अडिग है और आने वाले समय में भी विकास के पहिये को इसी ऊर्जा और गति के साथ आगे बढ़ाया जाएगा, ताकि क्षेत्र की खुशहाली का मार्ग सदैव प्रशस्त रहें।

# पशुधन लदा वाहन बजरंग दल ने पकड़ा, तीन तस्कार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

पखांजूर इलाके में गौ-तस्करी के एक बड़े सिंडिकेट का भंडाफोड़ हुआ है। गौ सम्मान आव्हान अभियान और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने मुस्तैदी दिखाते हुए एक सफेद रंग के छोटा हाथी वाहन को रोका, जिसमें गौवंश को अत्यंत क्रूरतापूर्वक भरकर वध के लिए तेलंगाना ले जाया जा रहा था।

- बजरंग दल और गौ-सेवकों ने महाराष्ट्र के 3 तस्करो और वाहन को किया पुलिस के हवाले

घटना 26 मार्च कि सुबह करीब 5 बजे की है। प्रार्थी को बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा जानकारी मिली कि एक संदिग्ध वाहन में गौवंश की तस्करी की जा रही है। उस समय नेताजी चौक पर कार्यकर्ता आगामी रामनवमी महोत्सव की तैयारियों में जुटे थे। हुलिए के आधार पर जब सफेद रंग के छोटा हाथी वाहन क्रमांक



एमएस 33 टी 6556 को रोका गया, तो अंदर का दृश्य रूह कंपा देने वाला था। वाहन में सवार 29 वर्षीय नरेश अरूण मराठे पिता अरूण मराठे, 23 वर्षीय सुशील लक्ष्मण पेंदाम पिता लक्ष्मण पेंदाम और 35 वर्षीय विनोद शरद मेश्राम पिता शरद मेश्राम सभी महाराष्ट्र, जिला गढ़चिरौली थाना चार्मोसी अंतर्गत ग्राम विशापुर निवासी को मौके पर ही पकड़ लिया गया। आरोपियों ने पूछताछ में स्वीकार किया कि वे गौवंश को पखांजूर क्षेत्र से अवैध रूप से खरीदकर महाराष्ट्र के रास्ते तेलंगाना के बूचड़खानों में ऊंचे दामों पर बेचने की फिराक में थे। वाहन की तलाशी लेने पर 3 नग गौवंश बरामद हुए। तस्करों ने मवेशियों के गले को छोटी-छोटी रस्सियों से इतनी निर्दयता से बांधा था कि वे हिलने-डुलने में भी असमर्थ थे। मवेशियों को बिना चारा और पानी उपलब्ध कराए, कृषि योग्य होने के बावजूद उन्हें वध के लिए ले जाया जा रहा था। प्रार्थी और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने तीनों आरोपियों, वाहन और मवेशियों को थाना पखांजूर ले जाकर पुलिस के सुपुर्द किया। थाना प्रभारी के नाम लिखित आवेदन सौंपकर छत्तीसगढ़ गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम और पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत कड़ी एफआईआर दर्ज करने की मांग कि। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में जुटी।

# जन सहयोग ने साधु-संतों की सेवा की स्वागत-सम्मान कर दान दिया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

सुप्रसिद्ध समाजसेवी संगठन जन सहयोग द्वारा एक बार फिर मानव सेवा और धर्म के प्रति समर्पण की अनूठी मिसाल पेश की गई। संगठन के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी को जैसे ही यह जानकारी मिली कि राजस्थान के अलवर से साधु-संतों का एक दल क्षेत्र में पहुंचा हुआ है, उन्होंने तत्परता दिखाते हुए अपने साथियों के साथ साधुओं का पता लगाया।

संगठन के सदस्यों ने पूरे श्रद्धा भाव के साथ साधु-संतों का स्वागत एवं सम्मान किया। इस दौरान उनके लिए भोजन की समुचित व्यवस्था की गई, साथ ही वस्त्र एवं अन्न दान कर सेवा भाव का परिचय दिया गया। साधु-संतों के दल का अंतिम पड़ाव दंतेवाड़ा होने की जानकारी मिलने पर जन सहयोग संस्था द्वारा उन्हें आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया गया, जिससे उनकी यात्रा सुगम हो सके।

इस सेवा कार्य के दौरान अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी सहित सभी सदस्यों ने साधु-संतों के चरण स्पर्श कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। साधु-संतों में अलवर राजस्थान निवासी रामदास, गोपाल दास, पन्ना दास, बालक दास, लहरी दास, संगकारा दास, लक्ष्मण दास, पाल दास, करण दास, नाथूदास, छोटे दास एवं मेहर दास शामिल रहे। संस्था की ओर से इस कार्य में डॉ. श्याम देव, करण नेताम, मनोज दुबे, आशुतोष देव, अक्षय एवं राजेश चौहान की सक्रिय भूमिका उल्लेखनीय रही।

## समानता, न्याय और अहिंसा के संदेश को किया याद

# बाबा साहेब सेवा संस्था ने मनाई सम्राट अशोक की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

बाबा साहेब सेवा संस्था द्वारा सम्राट अशोक की जयंती श्रद्धा एवं गरिमामय वातावरण में मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने सम्राट अशोक और डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों को समाज के लिए प्रेरणादायी बताते हुए उनके सिद्धांतों पर चलने का आह्वान किया।

- सिंद्धातों पर चलने का किया गया आह्वान

कार्यक्रम में बताया गया कि कलिंग युद्ध के बाद सम्राट अशोक ने हिंसा का त्याग कर धम्म अर्थात शांति, करुणा और मानवता का मार्ग अपनाया। उन्होंने पूरे विश्व में बौद्ध धर्म के माध्यम से अहिंसा और सद्भाव का संदेश फैलाया। वक्ताओं ने कहा कि सम्राट अशोक ने लोककल्याणकारी शासन की स्थापना करते हुए सड़कों के किनारे पौधारोपण, कुओं का निर्माण तथा मनुष्य और पशुओं के लिए चिकित्सालयों की व्यवस्था की। उनके शिलालेख आज भी सुशासन के आदर्श माने जाते हैं। कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि भारत का राष्ट्रीय प्रतीक 'सिंह स्तंभ' और तिरंगे का 'अशोक चक्र' सम्राट अशोक की ही देन हैं, जो आज देश की पहचान बने हुए हैं। वक्ताओं ने कहा कि डॉ. अंबेडकर सम्राट अशोक के शासन को भारत का स्वर्ण युग मानते थे और उनके विचारों से प्रेरित होकर उन्होंने समानता व न्याय आधारित समाज की कल्पना की।




### पदाधिकारी रहे उपस्थित

इस अवसर पर संस्था के संरक्षक तिलक पांडे, अध्यक्ष भुवनलाल मार्कंडेय, प्रमोद भारती, नरसिंह देव मंडावी, मुकेश मार्कंडेय, पनकु नेताम, हितेंद्र श्रीवास, रमेश सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से समाज को अपनी ऐतिहासिक विरासत और महान व्यक्तित्वों के विचारों से जोड़ने का प्रयास किया गया। सम्राट अशोक जयंती का यह आयोजन समाज में शांति, समानता और भाईचारे का संदेश देने वाला रहा।

## पेज 9 के शेष

### डेडलाइन के लिए...

जानकारी के अनुसार कांकेर जिला में सक्रिय 19 नक्सली को समर्पण को लेकर बीती रात को हल्ला मचा कि गोमे के आगे गुमझुर में रूपी एवं उनकी टीम है और आने के लिए तैयार हो गई है, परंतु कल की पूरी रात निकल गई और शुक्रवार 27 मार्च का पूरा दिन निकल गया, एक भी नक्सली जंगल से बाहर नहीं निकला। जंगल से बाहर लाने के लिए चार से पांच टीम सक्रिय रही, परंतु समाचार लिखे जाने तक किसी से भी 19 में से किसी नक्सली से किसी का संपर्क नहीं हो पाया है। सक्रिय 19 नक्सलियों के समर्पण को लेकर जो गदर मच रही है और अफवाहें फैलाई जा रही है, उससे ही काम बनने के बजाए बिगड़ते हुए दिख रहा है। पापाराव के आने के बाद अब सबकी नजर रूपी, चंदर और मंगलू पर लगी हुई है। इस टीम के आने के बाद मोहला मानपुर की तरह कांकेर जिला भी नक्सल मुक्त जिला घोषित हो जाएगा। पुलिस अपना नेटवर्क लगाकर रखी है, परंतु जंगल में फैली गदर के कारण काम बनने के बजाय लगातार बिगड़ते जा रहे है। ऐसा अंदरूनी ईलाके में सक्रिय कुछ अधिकारियों का मानना है।

### जमीन विवाद पर...

पर उसने पड़ोसियों से जानकारी ली, लेकिन किसी ने कुछ स्पष्ट नहीं बताया। इसी दौरान गांव का रहने वाला प्रणावेश विश्वास मौके पर पहुंचा और जमीन को लेकर पुरानी रंजिश की बात पर विवाद करने लगा। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और आरोपी ने गाली-गलौज शुरू कर दी। इसके बाद उसने जान से मारने की धमकी देते हुए बांस के डंडे से हमला कर दिया। हमले में पीड़ित के सिर और हाथ में गंभीर चोट आई, जिससे उसके सिर से खून बहने लगा। घटना के बाद पीड़ित ने तत्काल थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी प्रणावेश विश्वास के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 296, 115(2) और 351(2) के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और आरोपी के खिलाफ आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### फील्ड टीम को...

सटीक और समयबद्ध तरीके से पूरी हो, जिससे भविष्य की योजनाओं के लिए ठोस और विश्वसनीय आंकड़े उपलब्ध हो सकें। यह पहल जिले में प्रशासनिक सुदृढ़ता और विकास योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

## खबर संक्षेप

### मृतकों के परिजनों को 20 लाख की सहायता

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ नक्सलवाद पुनर्वास नीति के तहत नक्सली पीड़ित व्यक्तियों, परिवारों तथा आत्मसमर्पित नक्सलियों को पर्याप्त सुरक्षा एवं पुर्नवास के तहत नक्सली हिंसा में आम नागरिको के मृत्यु के 4 प्रकरणों में मृतकों के परिजनों को कुल 20 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### दण्डाधिकारी जांच के लिए उपस्थित होने की सूचना

**बीजापुर।** थाना भैरमगढ़ क्षेत्रांतर्गत थाना जांगला के ग्राम बिरियाभूमि आदवाड़ा के जंगल में 19 दिसम्बर को पुलिस-नक्सली मुठभेड़ हुई। घटनास्थल की बारिकी से सर्चिंग के दौरान 1 अज्ञात पुरूष माओवादियों का शव सहित नक्सली साहित्य हथियार व अन्य सामग्री बरामद की गई। उक्त घटनाओं से संबंधित कोई भी जानकारी रखने वाले व्यक्ति 10 अप्रैल तक अनुविभागीय दण्डाधिकारी भैरमगढ़ के न्यायालय में उपस्थित होकर साक्ष्य प्रस्तुत कर सकते है।

### आत्मसमर्पित नक्सलियों के लिए 21 लाख की स्वीकृति

**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा द्वारा छत्तीसगढ़ नक्सलवाद, आत्मसमर्पण पीड़ित राहत एवं पुनर्वास नीति के तहत आत्मसमर्पित नक्सलियों के पुनर्वास एवं उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। नीति के अंतर्गत जिले के 42 आत्मसमर्पित नक्सलियों को 21 लाख रुपये के आहरण एवं संवितरण की स्वीकृति प्रदान की गई है।

### लैंगिक उत्पीड़न रोकथाम के क्रियान्वयन के लिए निर्देश

**दंतेवाड़ा।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोष) अधिनियम 2013 के प्रावधानों के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं जन जागरूकता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में बताया गया कि अधिनियम के अंतर्गत ऐसे सभी विभागों, संगठनों, उपक्रमों, गैर-शासकीय संस्थाओं, कंपनियों, निगमों, अस्पतालों, नर्सिंग होम, खेल संस्थानों, शैक्षणिक एवं मनोरंजन स्थलों में, जहां 10 या उससे अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं, वहां आंतरिक शिकायत समिति का गठन करना अनिवार्य है। जिन संस्थानों में 10 से कम कर्मचारी कार्यरत हैं या जहां शिकायत स्वयं नियोक्ता के विरुद्ध हो, वहां प्रकरण जिला स्तर पर गठित स्थानीय शिकायत समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जा सकेगा, जिसका नोडल विभाग महिला एवं बाल विकास है।

### ग्रामीणों ने ताडोबा में सीखे ईको टूरिज्म के गुर



**बीजापुर।** इन्द्रावती टाइगर रिजर्व बीजापुर के अंतर्गत ईको डेवलपमेंट समिति के सदस्यों के लिए आजीविका विकास से संबंधित शैक्षणिक भ्रमण ताडोबा-अंधेरी टाइगर रिजर्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। 19 से 21 मार्च तक आयोजित तीन दिवसीय इस अध्ययन दौरे में ग्राम मट्टीमरका एवं नम्बी के ग्रामीणों ने भाग लेकर ईको टूरिज्म के सफल मॉडलों का गहन अध्ययन किया।

## नगर में रामनवमी पर भक्ति का सैलाब, लोगों में दिखा अभूतपूर्व उत्साह

# जय सिया राम के जयकारों से गूंजी नगरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

दंतेवाड़ा जिले की व्यावसायिक नगरी गीदम में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव इस वर्ष अभूतपूर्व उत्साह, धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पूरे नगर का वातावरण दिनभर जय सिया राम के गगनभेदी जयकारों, भजनों और ढोल-नगाड़ों की गूंज से भक्तिमय बना रहा। आयोजन की व्यवस्थाओं में परम्परा और अनुशासन का सुंदर समन्वय देखने को मिला, जिससे रामभक्तों के साथ-साथ आम नागरिकों ने भी पर्व की पवित्रता और उल्लास को समान रूप से अनुभव किया। पर्व का शुभारंभ दोपहर लगभग 3 बजे सीताराम भजन मंडली के सुमधुर भजन-कीर्तन से हुआ। मंडली के गायक-वादकों ने रामचरितमानस की चौपाइयों, भक्तिपूर्ण भजनों और रामधुन की ऐसी सुमधुर प्रस्तुति दी कि उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे और वातावरण पूरी तरह भक्तिरस में डूब गया।

### शिव तांडव और शिव-पार्वती विवाह की प्रस्तुति

इस वर्ष के आयोजन की विशेषता रही राजन आर्ट के अघोरियों द्वारा प्रस्तुत शिव तांडव और शिव-पार्वती विवाह का जीवंत मंचन। कलाकारों ने पारम्परिक वेशभूषा, साज-सज्जा और भाव-भंगिमाओं के माध्यम से पौराणिक प्रसंगों को इस तरह जीवंत किया कि दर्शकों ने इसे नगर में पहली बार देखे गए





अनूठे सांस्कृतिक अनुभव के रूप में सराहा। शिव तांडव की ऊर्जा और शिव-पार्वती विवाह की कोमलता ने रामनवमी के अवसर को बहुआयामी सांस्कृतिक रंग प्रदान किया।

भजन-कीर्तन के साथ-साथ जगदम्बा डीजे की भक्ति धुनों ने पूरे नगर को राममय कर दिया। युवा, बुजुर्ग, महिला और बच्चे सभी डीजे की लय पर झूमते-थिरकते नजर आए। जगह-जगह घरों की छतों और बालकनियों से लोग शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा कर रहे थे, जिससे माहौल में आस्था और उल्लास का अद्भुत संगम बना। शाम 6 बजे नगर के बस स्टैंड से भव्य शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ। शोभायात्रा नगर पंचायत कार्यालय होते हुए हारम चौक पहुंची और पुनः बस स्टैंड पर समाप्त हुई। इस शोभायात्रा की सबसे मनोहर झलक वह रथ रहा जिस पर भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, माता सीता और हनुमान जी की वेशभूषा में सजे-धजे छोटे-छोटे बच्चे विराजमान थे। बाल स्वरूपों की मासूम मुस्कान, मुकुट-धनुष और पारम्परिक परिधानों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया और पूरी शोभायात्रा में यह दृश्य आकर्षण का प्रमुख केंद्र बना रहा। युवाओं की टोलियों के साथ-साथ महिलाओं की भागीदारी भी उल्लेखनीय रही। मातृशक्ति ने पारम्परिक परिधान में समूहबद्ध होकर भजन गाते हुए शोभायात्रा की शोभा बढ़ाई। कई स्थानों पर नागरिकों ने जलपान, शरबत और फल वितरण की सेवा भी की, जिससे रामभक्ति के साथ-साथ सेवा भावना का भी संदेश प्रसारित हुआ।

### आतिशबाजी और जयकारे

शोभायात्रा के मार्ग में जगह-जगह पटाखे फोड़े गए और आतिशबाजी की गई। ढोल-ताशे, शंख-ध्वनि और जय सिया राम के जयकारों से गीदम की फिज़ा देर तक गूंजती रही। भक्तों की टोलियों ने अनुशासित तरीके से नृत्य-भजन करते हुए यह सुनिश्चित किया कि उल्लास के साथ मर्यादा भी बनी रहे। शोभायात्रा के समापन के बाद देर शाम विधिवत आरती का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। आरती के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जहाँ हजारों रामभक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे की व्यवस्था सुचारु और सुव्यवस्थित रहीं; सेवादारों ने पंक्तिबद्ध तरीके से श्रद्धालुओं को भोजन परोसा, जिससे पर्व का समापन सौहार्द और सेवा भाव के साथ हुआ।

### सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम

रामनवमी के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न हो इसके लिए आयोजकों ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए थे। शोभायात्रा के दौरान पटाखों और भीड़-भाड़ के कारण आगजनी जैसी संभावित घटनाओं को ध्यान में रखते हुए फायर ब्रिगेड की विशेष तैनाती की गई थी। गीदम पुलिस की टीम भी पूरे आयोजन के दौरान मुस्तैद रही, जिससे यातायात और भीड़ नियंत्रण सुचारु बना रहा। पूरा आयोजन शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हुआ।

### आयोजकों का आभार

श्रीराम जन्मोत्सव समिति गीदम के अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने आयोजन की सफलता के लिए नगर के सभी रामभक्तों, सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवकों, पुलिस-प्रशासन, फायर ब्रिगेड और मीडिया के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि गीदम के नागरिकों ने जिस एकजुटता, अनुशासन और भक्ति भावना का परिचय दिया, वही इस पर्व की असली उपलब्धि है। राजेश गुप्ता ने भविष्य में भी इसी तरह सहयोग और सहभागिता की अपेक्षा जताई, ताकि नगर में धार्मिक-सांस्कृतिक आयोजनों की परम्परा और अधिक सुदृढ़ हो सके।

## बाइक रैली निकाली गई





**दरभा।** दरभा युवा समिति के नेतृत्व में 20 किलोमीटर का भव्य बाइक रैली निकाला गया। रैली में बड़ी संख्या में युवाओं व श्रद्धालुओं ने भाग लिया और जय श्रीराम के उद्घोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा। यह बाइक रैली दरभा माता मंदिर से छिंदावाड़ा गांव होते हुए कावारास, मुनगा, मामड़पाल, चंद्रगिरी, गुमड़पाल सहित विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए शिव मंदिर गुमड़पाल परिसर में संपन्न हुई। आयोजन के दौरान पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल बना रहा। आयोजकों ने बताया कि शुक्रवार को रामनवमी के दिन भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसमें आकर्षक झांकियां, ढोल-नगाड़े और पारंपरिक प्रस्तुतियां शामिल होंगी। जुलूस में शामिल होने वाले लोगों का उत्साह बढ़ाने के लिए उन्हें अंगवस्त्र व भगवा पट्टी दी गई। शोभायात्रा में दरभा समिति के युवा माता मंदिर के श्रद्दालु शामिल थे।रामनवमी के उयलक्ष्य मे शिव मंदिर मे मेला का आयोजन किया गया हैं।

## धूमधाम से मनाई गई राम नवमी



**दोरनापाल।** सुकमा जिले के दोरनापाल नगर में आज राम नवमी का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही नगर का माहौल भक्तिमय बना रहा। राम मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। पूजा-अर्चना के बाद नगर में भव्य बाइक रैली निकाली गई, जिसमें युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। जय श्रीराम के नारों से पूरा नगर गुंजायमान हो उठा। रैली नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्सव का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं के लिए जगह-जगह शरबत एवं प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई। लोगों ने सेवा भाव से भाग लेकर आयोजन को सफल बनाया। शाम के समय राम मंदिर में सुंदरकांड का पाठ आयोजित किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर भगवान राम की आराधना की। पूरे दिन चले धार्मिक कार्यक्रमों के चलते दोरनापाल में राम नवमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।

# न सड़क बनी न पुलिया, मिट्टी डालकर काम अधूरा छोड़ा

## अधिकारी कह रहे-इसका कोई प्रस्ताव नहीं



हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

जिला दंतेवाड़ा के ग्राम मेटापाल-2, तुर्रेम, साहूकारपारा में सड़क और पुलिया के नाम पर वर्षों पहले केवल मिट्टी डालकर कार्य अधूरा छोड़ दिया गया था। आज तक न पक्की सड़क बनी, न पुलिया का निर्माण हुआ है। बरसात के मौसम में ग्रामीणों का आवागमन बाधित हो जाता है। ग्रामीणों ने सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत लोक निर्माण विभाग से जानकारी मांगी। विभाग ने लिखित जवाब में स्पष्ट किया कि उनके कार्यालय में उक्त सड़क या पुलिया से संबंधित कोई योजना स्वीकृत नहीं है। सवाल यह उठ रहा है कि जब योजना स्वीकृत ही नहीं थी तो सड़क के नाम पर मिट्टी किसने डाली। यह कार्य किस विभाग या एजेंसी द्वारा कराया गया। क्या किसी योजना की राशि निकालकर कार्य अधूरा छोड़ दिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि विकास कार्यों के नाम पर केवल औपचारिकताएं पूरी की गईं जबकि जमीनी हकीकत आज भी बदहाल है। शासन प्रशासन को 20-25 वर्षों से आवेदन देने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई।





### आंदोलन करेंगे ग्रामीण

ग्रामवासी कुश कुमार मरकाम ने बताया कि वर्षों से बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं। सड़क और पुलिया का अभाव में है। कई बार आवेदन देने और गुहार लगाने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हुई तो सूचना का अधिकार के माध्यम से सच्चाई जानने का प्रयास किया गया। समस्याओं पर 10-15 दिनों में कोई कार्यवाही नहीं हुई तो सामूहिक आंदोलन करेंगे।

### किशोरियों को मिलेगा कैंसर से सुरक्षा कवच

**दंतेवाड़ा।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय रामटेके के मार्गदर्शन में जिला चिकित्सालय दंतेवाड़ा में ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) वैक्सीनेशन कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. एस. मंडल एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक प्रतीक सोनी की उपस्थिति में अभियान की औपचारिक शुरुआत हुई। एचपीवी एक सामान्य लेकिन गंभीर संक्रमण है, जो आगे चलकर सर्वाइकल कैंसर सहित अन्य बीमारियों का कारण बन सकता है। इस टीकाकरण कार्यक्रम का उद्देश्य 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की किशोरियों को इस संक्रमण से सुरक्षित कर भविष्य में कैंसर जैसी घातक बीमारी की रोकथाम करना है। यह टीकाकरण कार्यदिवसों में प्रतिदिन किया जाएगा।

# युवाओं को मिला प्रेरणा का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोंड



बस्तर के ग्राम पंचायत पाहुरबेल में आयोजित पारंपरिक बाली जात्रा कार्यक्रम में बस्तर विधायक एवं छत्तीसगढ़ के उपनेता प्रतिपक्ष लखेश्वर बघेल क उपस्थिति रही। उनके आगमन पर ग्राम प्रमुखों एवं माता-बहनों ने आतिशबाजी के साथ आत्मीय स्वागत किया।

पूरे ग्राम में उत्सव का माहौल देखने को मिला, जहां ग्रामीणों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ अपनी संस्कृति का जीवंत प्रदर्शन किया। बाली जात्रा स्थल पहुंचने पर माताओं-बहनों ने बस्तर की समृद्ध लोक परंपराओं के अनुरूप तिलक, आरती एवं पारंपरिक वेशभूषा में स्वागत कर उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विधायक ने ग्राम के देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि बस्तर की पहचान उसकी समृद्ध संस्कृति और परंपराओं से है क्षेत्र में जहां-जहां बाली जात्रा जैसे आयोजन होते हैं, वे उसमें शामिल होकर अपनी सहभागिता निभाने का प्रयास करते हैं। ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उपस्थित होने से मन को शांति और आत्मिक संतोष प्राप्त होता है। हमारे पूर्वजों द्वारा स्थापित देवी-देवताओं की आराधना और ग्राम संस्कृति आज भी जीवंत है, जो हमारे लिए गर्व का विषय है। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम इन परंपराओं को संजोकर रखने और आने वाली पीढ़ियों तक इसे सुरक्षित पहुंचाएं।

# बदलते समय के साथ बदलाव जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

थाना बेदरे क्षेत्रान्तर्गत ग्राम केरपे में 26 मार्च को सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्राम केरपे, मरीमड़ुगु, पेद्दागुण्डापुर, मादेपुर, ओडरी एवं आसपास के लगभग 300-400

■ जरूरतमंद ग्रामीणों को वितरण किए जरूरी सामान

ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस अवसर पर बृज किशोर यादव, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कुटरू द्वारा ग्रामीणों को शासन की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं, बच्चों की शिक्षा, रोजगार एवं स्वास्थ्य संबंधी विषयों पर जागरूक किया गया।



शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराते हुए लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। पुनर्वास का लाभ ले चुके मुख्यधारा में शामिल हुए माओवादियों को विधि विरूद्ध गतिविधियों से अपने को दूर रखने की समझाईश दी गई। संगठन में अभी भी सक्रिय माओवादी जंगलों में भटकने के बजाय अपने परिवारों के पास लौट आने की अपील की गई, परिजन जो लम्बे समय से आपका इंतजार कर रहे है उनके पास लौटे तथा शांतिपूर्ण जीवन अपनाकर अपने भविष्य का निर्माण करें।

कार्यक्रम के दौरान पुनर्वासित माओवादियों द्वारा भी अपने पूर्व साथियों से हिंसा छोड़कर मुख्यधारा में शामिल होने की अपील की गई। अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि जंगल का जीवन एवं हिंसा का मार्ग केवल कष्ट और दुखदाई है और इससे न तो व्यक्तिगत विकास होता है और न ही समाज का भला होता है। बदलते समय के साथ बदलाव को स्वीकार कर सामाजिक जीवन जीने के लिए अपील की गई। कार्यक्रम के अंतर्गत जरूरतमंद ग्रामीणों को आवश्यक सामग्री, स्कूली बच्चों को शिक्षण सामग्री, युवाओं को खेल सामग्री का वितरण किया गया।

सिविक एक्शन कार्यक्रम में शामिल ग्रामीणों में सकारात्मक उत्साह देखा गया तथा कई ग्रामीणों ने बच्चों की शिक्षा एवं क्षेत्र के विकास कार्यों में सहभागी बनने की शपथ ली। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुटरू के द्वारा मोबाईल यूनिट के माध्यम से जरूरत मंदों को आवश्यक चिकित्सीय सुविधा मुहैया कराई गई।

### गागड़ा ने की पूजा-अर्चना, कन्या पूजन में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपालपटनम

चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर अष्टमी के दिन जिले के पूर्व कैबिनेट मंत्री महेश गागड़ा ने भैरमगढ़ स्थित श्रीश्री 108 शिव गौरी गणेश मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य एवं निरंतर प्रगति की कामना की।

इस अवसर पर आयोजित कन्या पूजन कार्यक्रम में भी उन्होंने सहभागिता निभाई। गागड़ा ने कन्या भोज में बैठी बालिकाओं को स्वयं भोजन परोसकर उनका आशीर्वाद लिया और भारतीय संस्कृति में नारी शक्ति के महत्व को रेखांकित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि नवरात्रि का यह पावन पर्व श्रद्धा, विश्वास और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। यह पर्व हमें जनसेवा के प्रति हमारी संस्कृति, मूल्यों और जिम्मेदारियों को और अधिक सुदृढ़ करने की प्रेरणा देता है।

**समक्ष नोटरी महोदय, कांकेर, जिला कांकेर, छ.ग.**
**// शपथ-पत्र //**

शपथकर्ता :- सुभाष चन्द्र नेताम, उम्र 40 वर्ष, पिता-मदन सिंग नेताम जाति-गोंड़, निवासी कापसकोटी, तहसील-नरहरपुर कांकेर (छ.ग.) मैं उपरोक्त शपथकर्ता शपथ पूर्वक निम्न कथन करता हूं :-

01. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है।
02. यह कि मैं सशस्त्र सीमा बल 26 बटालियन अनगडा रॉची झारखण्ड में मुख्य आरक्षि सामान्य के पद पर पदस्थ हूं।
03. यह कि मेरे सेवा पुस्तिका में मेरे पुत्र का नाम निरज नेताम (Niraj Netam) दर्ज है जिसमें निरज त्रुटिपूर्ण लिखा हुआ है।
04. यह कि मेरे पुत्र का सही नाम नीरज नेताम (Neeraj Netam) है जो कि जन्म प्रमाण पत्र, आधारकार्ड एवं शैक्षणिक प्रमाण पत्रों में दर्ज है।
05. यह कि मैं अपने सेवा पुस्तिका में दर्ज अपने पुत्र का त्रुटिपूर्ण नाम निरज नेताम (Niraj Netam) के स्थान पर सही नाम नीरज नेताम (Neeraj Netam) दर्ज करवाना चाहता हूं।
06. यह कि उक्ताशय यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

**सत्यापन**

उपरोक्त शपथकर्ता यह सत्यापित करता/करती हूं कि इस शपथ पत्र की कंडिका 01 से 06 तक लिखी सभी बातें मेरे निजी ज्ञान एवं जानकारी अनुसार सत्य व सही है। अतः आज दिनांक 27.03.2026 को मैं इस पर अपने हस्ताक्षर किया।

स्थान -कांकेर
दिनांक -27.03.2026
शपथकर्ता
सुभाष चन्द्र नेताम

**समक्ष नोटरी महोदय, कांकेर, जिला कांकेर, छ.ग.**
**// शपथ-पत्र //**

शपथकर्ता :- सुभाष चन्द्र नेताम, उम्र 40 वर्ष, पिता-मदन सिंग नेताम जाति-गोंड़, निवासी कापसकोटी, तहसील-नरहरपुर कांकेर (छ.ग.) मैं उपरोक्त शपथकर्ता शपथ पूर्वक निम्न कथन करता हूं :-

01. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है।
02. यह कि मैं सशस्त्र सीमा बल 26 बटालियन अनगडा रॉची झारखण्ड में मुख्य आरक्षि सामान्य के पद पर पदस्थ हूं।
03. यह कि मेरे सेवा पुस्तिका में मेरे पुत्र का नाम सिद्धार्थ नेताम (Sidharth Netam) दर्ज है जिसमें सिद्धार्थ नेताम (Sidharth Netam) त्रुटिपूर्ण लिखा हुआ है ।
04. यह कि मेरे पुत्र का सही नाम अंग्रेजी में सिद्धार्थ नेताम (Siddharth Netam) है जो कि जन्म प्रमाण पत्र, आधारकार्ड एवं शैक्षणिक प्रमाण पत्रों में दर्ज है ।
05. यह कि मैं अपने सेवा पुस्तिका में दर्ज अपने पुत्र का त्रुटिपूर्ण नाम अंग्रेजी में सिद्धार्थ नेताम (Sidharth Netam) के स्थान पर सही नाम सिद्धार्थ नेताम (Siddharth Netam) दर्ज करवाना चाहता हूं।
06. यह कि उक्ताशय यह शपथ पत्र प्रस्तुत है ।

**सत्यापन**

उपरोक्त शपथकर्ता यह सत्यापित करता/करती हूं कि इस शपथ पत्र की कंडिका 01 से 06 तक लिखी सभी बातें मेरे निजी ज्ञान एवं जानकारी अनुसार सत्य व सही है। अतः आज दिनांक 27.03.2026 को मैं इस पर अपने हस्ताक्षर किया।

स्थान -कांकेर
दिनांक -27.03.2026
शपथकर्ता
सुभाष चन्द्र नेताम



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप

## महुआ शराब जब्त 2 आरोपी गिरफ्तार



**पखांजूर।** थाना पखांजूर पुलिस ने अवैध महुआ शराब के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए 2 आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने कुल 33 लीटर महुआ शराब जप्त कि, जिसकी कीमत 4950 रुपएं है।

पुलिस को जानकारी मिली थी कि ग्राम मसानकट्टा पारा पेनकोड़ो में अवैध रूप से महुआ शराब का निर्माण और बिक्री की जा रही है। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर कार्रवाई की। पहली कार्रवाई में आरोपी 30 वर्षीय विनोद हलामी के कब्जे से 16 लीटर महुआ शराब बरामद की गई। वहीं दूसरी कार्रवाई में आरोपी 22 वर्षीय रमेश कोला के पास से 17 लीटर महुआ शराब जब्त की गई। दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

## शासकीय लेनदेन के लिए 31 को खुले रहेंगे बैंक



**कांकेर।** वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतिम कार्य दिवस होने से बैंकों को शासकीय संव्यवहार के लिए जिस बैंक शाखा में शासकीय लेनदेन होता है, उन्हें 31 मार्च को रात्रि 12 बजे तक खुला रखने के लिए निर्देशित किया गया है। अपर कलेक्टर द्वारा इस संबंध में लीड बैंक मैनेजर को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष के अंतिम दिवस को किसी भी चालान जमाकर्ता द्वारा शासन के पक्ष में राशि जमा करने पर उनका लेखांकन इसी दिनांक को किया जाना आवश्यक है। इसके लिए जिले के सभी शासकीय लेनदेन वाले बैंकों को खुला रखने के लिए कहा गया है।

## जहर खाने से हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** जिला अस्पताल में इलाज के लिए सदेसिंह सलाम का 28 दिसंबर को मौत हो गया। मृतक के परिजन ने पुलिस को बताया कि मृतक ने जहर खा लिया था। इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर गए थे, लेकिन उसका जान नही बच पाया, जहर पूरे शरीर में फैल जाने से मौत गया। कोरर थाना में मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

## डाकघर में अंतरराष्ट्रीय पार्सल सेवा उपलब्ध

**कांकेर।** डाक विभाग द्वारा आम नागरिकों की सुविधा के लिए प्रधान डाकघर कांकेर में अंतरराष्ट्रीय पार्सल एवं विदेशी लेख बुकिंग सेवा उपलब्ध है। अब क्षेत्रवासी अपने पार्सल एवं सामग्री को विश्व के विभिन्न देशों में सुरक्षित, विश्वसनीय एवं किफायती दरों पर भेज सकते हैं। डाक विभाग की इस सेवा के अंतर्गत ग्राहकों को सुरक्षित हैंडलिंग, ऑनलाइन ट्रैकिंग सुविधा तथा उचित पैकेजिंग मार्गदर्शन प्रदान किया जाता है। ग्राहक अपने पार्सल के साथ आवश्यक पता एवं पहचान पत्र प्रस्तुत कर डाकघर में वजन एवं दर निर्धारण के पश्चात बुकिंग करा सकते हैं।

कार्यक्रम : सड़क, नाली के होंगे निर्माण और पेयजल की सुविधा बढ़ेगी

# नरहरपुर में 1.10 करोड़ के विकास कार्यों का विधायक आशाराम ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



नगर पंचायत नरहरपुर के शीतला मंदिर प्रांगण में विकास कार्यों को नई दिशा देने के उद्देश्य से भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान क्षेत्र के विधायक आशाराम नेताम ने विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, पार्टी कार्यकर्ता एवं नगरवासी उपस्थित रहे।

विधायक आशाराम नेताम ने इस अवसर पर कुल 1 करोड़ 10 लाख 47 हजार रुपए की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का शुभारंभ किया। इन कार्यों में सड़क निर्माण, नाली निर्माण, पेयजल व्यवस्था के विस्तार सहित कई आधारभूत संरचनाओं को मजबूत करने वाले प्रोजेक्ट शामिल हैं। इन योजनाओं के पूर्ण होने के बाद नगरवासियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और उनका जीवन अधिक व्यवस्थित एवं सुगम होगा। विधायक ने कहा कि नरहरपुर क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए उनकी सरकार लगातार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि विकास केवल घोषणाओं से नहीं, बल्कि धरातल पर काम से दिखता है, और इसी सोच के साथ क्षेत्र में योजनाओं को तेजी से क्रियान्वित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सड़कों के उन्नयन से जहां आवागमन सुगम होगा, वहीं नालियों के निर्माण से जल निकासी की समस्या दूर होगी और स्वच्छता व्यवस्था में भी सुधार आएगा। विधायक ने आगे कहा कि पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए जल आपूर्ति से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है, ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले समय में और भी विकास कार्यों की सौगात क्षेत्र को दी जाएगी, जिससे नरहरपुर को एक आदर्श नगर पंचायत के रूप में विकसित किया जा सके। उन्होंने जनता को आश्वस्त करते हुए कहा कि हर वार्ड और हर मोहल्ले की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। इसके लिए जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को मिलकर काम करने की आवश्यकता है। उन्होंने नगरवासियों से भी विकास कार्यों में सहयोग की अपील करते हुए कहा कि जनभागीदारी से ही विकास कार्यों को सफल बनाया जा सकता है।

कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने भी विकास कार्यों को समय पर और गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने का भरोसा दिलाया। वहीं, नगरवासियों ने क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों को लेकर प्रसन्नता व्यक्त की और विधायक के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर नगर पंचायत के समस्त पार्षदगण, विभिन्न विभागों के अधिकारी, पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा नगरवासी उपस्थित रहे।

# मां काली मंदिर स्थापना दिवस पर बंग समाज ने निकाली कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



बंग समाज भानुप्रतापपुर द्वारा कालीबाड़ी स्थित मां काली मंदिर स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर बुधवार शाम नगर में कलश यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर पूरे क्षेत्र में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। कलश यात्रा में शामिल महिलाएं पारंपरिक बंगाली साड़ी, गहनों और श्रृंगार में सजी-धजी नजर आईं, जो इस आयोजन की सबसे खास झलक रही।

कलश यात्रा कालीबाड़ी मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए पुनः मंदिर परिसर में सम्पन्न हुई। यात्रा के दौरान महिलाएं सिर पर कलश धारण कर, मंगल गीतों और जयकारों के साथ आगे बढ़ती रहीं। पूरा वातावरण जय मां काली के उद्घोष से भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर बंग समाज के अध्यक्ष विष्णुपद साहा ने कहा कि काली पूजा बंगाली समाज का एक प्रमुख और अत्यंत महत्वपूर्ण धार्मिक उत्सव है, जिसे हर वर्ष बड़े ही धूमधाम और आस्था के साथ मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि मां काली शक्ति और साहस की प्रतीक हैं, और उनकी आराधना से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। स्थापना दिवस के इस आयोजन का उद्देश्य नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति, परंपराओं और धार्मिक मूल्यों से जोड़ना है। बंगाली समाज में काली पूजा का विशेष महत्व होता है। यह पर्व केवल धार्मिक अनुष्ठान ही नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक भी है। इस दौरान लोग अपने घरों और मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाते हैं, विशेष पूजा-अर्चना की जाती है और प्रसाद वितरण किया जाता है। कार्यक्रम के दौरान समाज के पदाधिकारियों और वरिष्ठजनों की सक्रिय भागीदारी रही। आयोजन को सफल बनाने में सभी ने मिलकर योगदान दिया। सुरक्षा और व्यवस्था के भी समुचित इंतजाम किए गए थे, जिससे यात्रा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो सकी। समापन पर मंदिर परिसर में विशेष पूजा-अर्चना और आरती का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों को ई-केवाईसी कराना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

राज्य शासन द्वारा महतारी वंदन योजना के सभी हितग्राहियों का ई-केवायसी कराने के निर्देश दिए दिए गए हैं। ऐसी महिलाएं जो महतारी वंदन योजना के लाभार्थी हैं तथा जिनका आधार प्रमाणीकरण ईकेवाईसी नहीं हुआ है, ऐसे सभी हितग्राहियों का ई-केवाईसी का कार्य त्रुटिरहित एवं समयबद्ध रूप से पूर्ण किया जाना है। जिले के लगभग 01 लाख 80 हजार महिला हितग्राहियों का ई-केवाईसी कराया जाना है।

कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने महतारी वंदन योजना के समस्त हितग्राहियों का ई-केवाईसी कराने के निर्देश जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना अधिकारी और सीएससी डिस्ट्रिक्ट मैनेजर को दिए हैं। ई-केवायसी कार्य प्रारंभ करने के पूर्व सभी वीएलई, सीएससी ऑपरेटर्स एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के पर्यवेक्षकों को ई-केवायसी प्रशिक्षण कराये जाने के लिए विकासखण्डवार तिथि निर्धारित किया गया है। प्रशिक्षण के लिए निर्धारित तिथि अनुसार 30 मार्च को जनपद पंचायत कांकेर में, 01 अप्रैल को जनपद पंचायत चारामा, 02 अप्रैल को जनपद पंचायत नरहरपुर में ई-केवायसी प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसी प्रकार 04 अप्रैल को विकासखण्ड भानुप्रतापपुर एवं दुर्गूकोंदल के प्रतिभागियों को जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर में, 06 अप्रैल को जनपद पंचायत अंतागढ़ और 07 अप्रैल को कोयलीबेड़ा पखांजूर के प्रतिभागियों को जनपद पंचायत पखांजूर में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

### बैंक खातों से आधार नंबर की सीडिंग में हितग्राही हों गंभीर

कांकेर। सामाजिक सहायता कार्यक्रम के तहत संचालित पेंशन योजनाओं में हितग्राहियों को पेंशन राशि का भुगतान आधार आधारित एवं बिना आधार आधारित खाते दोनों ही प्रकार से पीएफएमएस के माध्यम से डीबीटी किया जा रहा है। भारत सरकार द्वारा केंद्र प्रवर्तित योजनाओं को सीएसएस को पीएफएमएस-एसएनए से एसएनए-एसपीएआरएसएच मॉडल में ऑनबोर्ड करने के निर्देश दिए गए हैं। भविष्य में हितग्राहियों को केवल आधार आधारित एकाउंट होने पर ही भुगतान किया जा सकेगा। समाज कल्याण विभाग के उप संचालक द्वारा प्राप्त अनुसार अब पेंशन भुगतान पूरी तरह आधार आधारित डीबीटी प्रणाली के जरिए किया जाएगा। वर्तमान में पेंशनधारियों को पीएफएमएस के माध्यम से आधार लिंक और बिना आधार लिंक दोनों प्रकार के खातों में राशि दी जा रही है। आगामी माह से केंद्रीय योजनाओं की पेंशन राशि का भुगतान एसएनए के माध्यम से किया जाएगा। जिसके लिए सभी हितग्राहियों का आधार आधारित खाता होना आवश्यक होगा। अन्यथा हितग्राही को पेंशन राशि का भुगतान नहीं हो पायेगा। हितग्राहियों के आधार नंबर की सीडिंग बैंक खातों के साथ किया जाना आवश्यक है। हितग्राहियों के खातों को आधार से लिंक किए जाने के लिए सभी जनपद पंचायत एवं नगरीय निकायों में शिविर लगाने के लिए निर्देशित किया गया है।

# आजीविका केंद्र आत्मनिर्भरता का आधार बिहान योजना से सशक्त हो रहीं महिलाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

आजीविका सेवा केन्द्र बाबूदबेना स्थित जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सीईओ ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आजीविका केन्द्र को खेती की नवीनतम वैज्ञानिक तकनीक, प्रदर्शनीय मॉडल, पशु पालन से संबंधित सामग्री, कृषि यंत्र एवं उन्नत बीज विभिन्न सरकारी योजनाओं से सुसज्जित किया जाए, ताकि अधिक से अधिक महिला समूहों को लाभ मिल सके। उन्होंने विशेष रूप से गरीब महिला किसानों को विभिन्न आजीविका गतिविधियों से जोड़कर उनकी आय बढ़ाने पर जोर दिया। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के अंतर्गत संचालित इंटिग्रेटेड फार्मिंग क्लस्टर आईएफसी एवं आजीविका सेवा केन्द्र से ग्रामीण महिलाएं सशक्त हो रही हैं। आजीविका सेवा केन्द्र के माध्यम से महिलाओं को मुर्गी पालन, सब्जी उत्पादन, फूल एवं सुगंधित धान की खेती, बकरी पालन तथा वनोपज जैसी विविध गतिविधियों से जोड़ा जा रहा है। इस एकीकृत खेती मॉडल के तहत 16 गांवों की लगभग 1500 महिला किसानों को चयनित कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

■ जिला पंचायत सीईओ ने आजीविका सेवा केंद्र बाबूदबेना का किया निरीक्षण

इस योजना के तहत कांकेर जनपद पंचायत अंतर्गत इंटिग्रेटेड फार्मिंग मॉडल महानदी महिला क्लस्टर संगठन माकड़ीखूना से बागोडार, सिदेसर, हाटकोंगेरा, भीरावाही तथा कंचन महिला क्लस्टर संगठन बारदेवरी से माटवाड़ा लाल, कोकपुर, बारदेवरी, किरगोली एवं जागरूक महिला कलस्टर संगठन धनेलीकन्हार से बाबूदबेना, पोटगांव, अंडी, मरकाटोला तथा आदर्श महिला कलस्टर संगठन गढ़पिछवाड़ी से चयनित गांव वेबरती, पटौद, पुसावंड, दसपुर समूह के दीदीयों को इंटिग्रेटेड फार्मिंग कलस्टर आईएफसी आजीविका वृद्धि कर महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा गया है। वर्तमान में बाबूदबेना केन्द्र के माध्यम से 148 महिला किसानों को सब्जी बीज एवं मुर्गी चूजों का वितरण किया जा चुका है। निरीक्षण के दौरान जनपद पंचायत कांकेर के सीईओ, बिहान टीम, क्षेत्रीय समन्वयक, जनप्रतिनिधि एवं महिला किसान उपस्थित रहे।

# केंद्र की प्रधानमंत्री मानधन योजना किसानों के लिए है वरदान : मनोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

भारतीय जनता पार्टी के जिला सह-मीडिया प्रभारी मनोज जैन ने विज्ञप्ति जारी कर केंद्र की प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना को किसानों के हित में एक ऐतिहासिक कदम बताया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार /"अन्नदाता/" को सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा देने के लिए पूरी तरह संकल्पित है।



योजना की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अक्सर खेती-किसानी करने वाले हमारे भाइयों को बुढ़ापे में आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ता था। प्रधानमंत्री मानधन योजना इसी चिंता का स्थायी समाधान है। यह योजना सुनिश्चित करती है कि जब किसान शारीरिक रूप से कठिन परिश्रम करने में सक्षम न रहे, तब भी उसे सम्मानजनक जीवन जीने के लिए किसी के आगे हाथ न फैलाना पड़े। 60 वर्ष की आयु के बाद प्रत्येक पात्र किसान को 3 हजार मासिक व 36 हजार वार्षिक पेंशन दी जाएगी। किसान द्वारा जमा की गई अंशदान राशि के बराबर ही राशि केंद्र सरकार अपनी ओर से जमा करेगी। 18 से 40 वर्ष की आयु वाले किसान, जिनके पास 2 हेक्टेयर तक कृषि भूमि है, इस योजना के लिए पात्र हैं। लाभार्थी की मृत्यु की स्थिति में जीवनसाथी को 50 प्रतिशत पेंशन 1500 प्रति माह निरंतर मिलती रहेगी। मनोज जैन ने कांकेर जिले के सभी पात्र किसानों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में अपने नजदीकी सामान्य सेवा केंद्र पर जाकर अपना पंजीकरण कराएं। उन्होंने बताया कि जो किसान 'पीएम-किसान सम्मान निधि' का लाभ ले रहे हैं, वे सीधे अपनी किस्तों से ही प्रीमियम कटवाने का विकल्प चुनकर इस प्रक्रिया को और भी सरल बना सकते हैं।

# उधार के पैसे मांगने पर युवक पर धारदार हथियार से किया हमाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर




ऊधार में दिया हुआ पैसा वापस मांगना युवक को भारी पड़ गया। युवक ने रमजान के वक्त अकबर मेमन को ऊधारी में दो हजार रूपएं दिया था। जब युवक अपने पैसे को वापस मांगने लगा तो आरोपी ने उसपर जानलेवा हमला कर घायल कर दिया। चिख पुकार के बाद मोहल्ले के लोग घटना स्थल कि ओर दौड़े तो आरोपी डरकर वहां से भाग निकला। अगर मोहल्ले के लोग नही आते तो निश्चित ही अनहोनी हो सकता था। थाना कांकेर में शिकायत करने पहुंचे संजय नगर कांकेर निवासी 22 वर्षीय दानिश अली पिता नवाज अली ने पुलिस को बताया कि 26 मार्च को संजय नगर मे शेख शोएब का शादी कार्ड को मेहताब अली के दुकान मे देने गया था। कार्ड को मेहताब अली को दिया, तो वह घर अंदर देने चला गया था। शाम लगभग 6 बजे दुकान के पास रोड में अकबर मेमन उर्फ गुल्लू को मै रमजान के समय दो हजार रूपएं उधारी में दिया था, उसे मांगने पर अकबर मेमन पिता मोहम्मद असलम मेमन ने गाली गलौच देते हुए जान से मारने की नियत से लाल कपड़ा में लपेटकर धारदार चाकू से ताबड़तोड़ हमला किया, जिससे मेरे हाथ, पसली, पेट व कमर के में चोटे आया है। शोर मचाने पर आरोपी अकबर मेमन हाथ में पकड़े चाकू को लेकर भाग गया। यदि मोहल्ले के लोग तत्काल हल्ला सुनकर बाहर नही आते तो मुझे अकबर मेमन जान से मारकर खत्म कर देता। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी अकबर मेमन के खिलाफ धारा 109, 115 (2), 296, 351 (3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

■ रमजान के समय दिए थे दो हजार को वापस मंगने पर

## तरहुल में 29 एवं 30 को लगेगा वार्षिक देव मेला

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत ग्राम तरहुल में 29 एवं 30 मार्च को वार्षिक देव मेला का आयोजन किया जाएगा। इस दो दिवसीय आयोजन में आसपास के गांवों के देवी-देवताओं की उपस्थिति रहेगी, जिससे क्षेत्र में धार्मिक एवं सांस्कृतिक माहौल बनेगा। ग्राम गायता सोनू राम कोरेटी एवं सरपंच फुलमत पिद्दा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह मेला हर वर्ष पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ आयोजित किया जाता है। इस वर्ष भी आयोजन को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। मेले के दौरान दिन में धार्मिक अनुष्ठान एवं देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना की जाएगी, वहीं रात्रि में आकर्षक नाचा कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है, जो इस मेले का प्रमुख आकर्षण रहेगा।

PRP/GFC
तकनीक द्वारा
गंजेपन का ईलाज
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स माल के पास, रायपुर (छ.ग.)
9827143060/8871003060
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
Ajay Advt.

## बारहगांव बरसा बांगाचार में 30 को चैतरई परब

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत बारह गांव बरसा बांगाचार क्षेत्र में आगामी 30 मार्च सोमवार को पारंपरिक उत्सव चैतरई परब बड़े ही श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। यह पर्व आदिवासी संस्कृति और प्रकृति से जुड़ा एक महत्वपूर्ण त्योहार है, जिसे स्थानीय भाषा में आमा तिहार भी कहा जाता है। चैत्र माह में मनाया जाने वाला यह परब आदिवासी जीवन शैली और उनकी प्रकृति-पूजक परंपरा का प्रतीक है। इस अवसर पर ग्राम के देवी-देवताओं की डांग-डोली निकाली जाती है, जिसमें नगाड़ों और पारंपरिक वाद्य यंत्रों की थाप पर ग्रामीणजन नृत्य करते हैं।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मरसा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

दुर्गूकोंदल में महिला उमंग एक प्रतिभा 2026 का आयोजन

# समाज की प्रगति का आधार है बेटियों की पढ़ाई-लिखाई : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



विकासखंड दुर्गुकोंदल में महिला उमंग एक प्रतिभा 2026 के तहत संकुल स्तरीय महिला संगठनों का महाअधिवेशन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं की सहभागिता ने इसे उत्सव का रूप दे दिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रशासन और सामाजिक नेतृत्व हर क्षेत्र में महिलाएं नई ऊंचाइयों को छू रही हैं। उन्होंने कहा कि बेटियों की शिक्षा ही समाज की प्रगति का आधार है और आज हमारी बेटियां पढ़ाई में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पूरे समाज का नाम रोशन कर रही हैं।

जनपद अध्यक्ष गोपी बढ़ाई ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन महिलाओं को एक मंच प्रदान करते हैं, जहां वे अपनी प्रतिभा को पहचान सकती हैं और सामाजिक रूप से मजबूत बन सकती हैं। उन्होंने महिलाओं की भागीदारी को लोकतंत्र की मजबूती का आधार बताया। जनपद उपाध्यक्ष आनंद तेता ने कहा कि महिलाएं आज केवल परिवार तक सीमित नहीं हैं, बल्कि समाज के हर क्षेत्र में अपनी सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि संगठित प्रयासों से महिलाएं और अधिक सशक्त बन सकती हैं और समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकती हैं। कार्यक्रम में नवोदय विद्यालय में चयनित बालिकाओं का सम्मान किया गया, जिससे उपस्थित छात्राओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर, मंडल महामंत्री रामचंद्र कल्लो, हुमन मरकाम, जनपद सदस्य सविता उयके, भवानंद राय, दीपक पुड़ो, सरपंच शकुंतला नरेटी, शिरो कोमरे, सविता उइके, निर्मला कोवाची, अमृत कोटिंगला, सुखचंद प्रजापति, सीईओ सुरेन्द्र बंजारे, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी आरडी ठाकुर, एबीओ अंजली मंडावी, महिला एवं बाल विकास अधिकारी देवकुमारी परिहार, बीपीएम नंदिनी दीवान, आकांक्षी फेलोसीफ प्रीति गंजीर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
04 मई, 07 मई, 11 मई, 16 मई,
25 मई, 02 जून, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411